Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv...

# प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
(पूर्ववर्तीः इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)
## *Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.*
*(Formerly: Allahabad State University, Allahabad)*

पत्रांकः प्रोरासिविवि / उकुसका / 2024– 164 दिनांकः– 9 अप्रैल, 2024

सेवा में,

1. **प्राचार्य / नोडल अधिकारी (टैबलेट / स्मार्टफोन)**
   समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
   सम्बद्ध– प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. **नोडल अधिकारी (टैबलेट / स्मार्टफोन)**
   विश्वविद्यालय परिसर, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

**विषय : स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत संचालित डिजीशक्ति पोर्टल पर अपलोड किये जाने वाले डाटा में छात्र–छात्राओं की माता का नाम लिखा जाना अनिवार्य होने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि योजना के क्रियान्वयन हेतु संचालित डिजीशक्ति पोर्टल पर किसी एक विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा अपने अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के डाटा को त्रुटिवश एक से अधिक बार अपलोड कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में ऐसे छात्र–छात्राओं का डुप्लीकेट डाटा उनके एनरोलमेन्ट नम्बर के आधार पर ब्लॉक होकर पोर्टल पर प्रर्दिशत होता है। इसी प्रकार एक से अधिक विश्वविद्यालयों / संस्थानों की ओर से एक समान छात्र–छात्राओं का डाटा भी पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में सम्बन्धित छात्र–छात्राओं का डाटा दिनांक 01.01.2024 से उनके नाम, पिता के नाम, माता के नाम एवं लिंग में एक समानता होने पर "Duplicate on other parameter "के आधार पर ब्लॉक होकर पोर्टल पर प्रदर्शित होता है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में यूपीडेस्को द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या D / 23–24 / 4467 दिनांक 18.01.2024 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से अपलोड किये गये छात्र–छात्राओं के डाटा में Mother's Name की फील्ड को दिनांक 01.01.2024 से भरा जाना अनिवार्य किये जाने तथा पोर्टल पर ऐसे पूर्व से अपलोड हुये छात्र–छात्राओं जिनको उपकरण प्राप्त नहीं हुये हैं, के डाटा में उक्त फील्ड में नाम न होने की स्थिति में, सम्बन्धित छात्र–छात्रा का नाम Unverified State में किये जाने से अवगत कराते हुये उक्त फील्ड के डाटा को भरे जाने के उपरान्त डाटा को पुनः संस्थान द्वारा वेरीफाई, विश्वविद्यालय द्वारा अप्रूव एवं विभाग द्वारा लॉक किये जाने की प्रक्रिया अपनाये जाने का उल्लेख किया गया था। इस सम्बन्ध में छात्र–छात्राओं जिनको उपकरण विभाग द्वारा लॉक्ड अन्य छात्र–छात्राओं के नाम, पिता के नाम, माता के नाम एवं लिंग में समानता पाये जाने की स्थिति में उन्हें "Duplicate Data on Three Parameter" (NAME, FATHER'S NAME AND GENDER) पर ब्लॉक कर दिया गया है।

आगामी दिनांक 08.04.2024 से उक्त बिन्दु में उल्लिखित स्थिति के आधार पर छात्र–छात्राओं के डाटा को ब्लॉक नहीं किया जायेगा तथा उसके स्थान पर उन्हें संस्थान लॉगिन पर Transaction मेन्यू के अन्तर्गत Selecet Student For Distribution Program विकल्प में दी गयी सूची में भिन्न रंग से प्रदर्शित किया जाएगा।

उक्त भिन्न रंग में प्रदर्शित हो रहे छात्र–छात्राओं को संस्थान द्वारा वितरण हेतु जनपद लॉगिन पर प्रेषित करने के लिये चयन करने पर पॉपअप मैसेज "Another student with same details/parameter has already device under this scheme, please click 'ok' to view the details" प्रदर्शित होगा जिसे OK करने पर जिस छात्र–छात्रा को उपकरण प्राप्त हो चुका है उसका विवरण Do you want to proceed मैसेज के साथ, संस्थान के नोडल अधिकारी को जांच करने हेतु प्रदर्शित होगा। यदि छात्र–छात्रा के प्रदर्शित विवरण के अनुसार वह किसी

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिन कोडः 211001 (उ0प्र0),
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj Pin Code-211001 (U.P.)

te : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- registrar@prsuniv.com.ac.in



अन्य संस्थान के पाये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रदर्शित विवरण के आधार पर उस संस्थान से छात्र–छात्रा के समान होने की पुष्टि कर लिये जाने के उपरान्त कार्यवाही की जानी उचित होगी।

यदि उक्त प्रदर्शित हो रहे विवरण उनके संस्थान में उपलब्ध छात्र–छात्रा के समान हैं, तो 'Do You Want to Proceed' में No विकल्प का चयन करना होगा अन्यथा की स्थिती में "Yes" का चयन करने पर पुनः एक पॉपअप मैसेज " I have cross checked the student data and take resposnsibility of forwarding this student record for distribution of device, as this student is different than the one who was earlier received the device in this scheme" प्रदर्शित होगा, जिससे उस छात्र–छात्रा का नाम जनपद पर वितरण हेतु अग्रसारित किया जा सकेगा। उक्त कार्यवाही हेतु यूजर मैनुअल पत्र के संलग्न कर प्रेषित है साथ ही डिजीशक्ति पोर्टल पर Instruction Menu अन्तर्गत उपलब्ध है।

भवदीय

(सुनील कुमार सरोज)
उप कुलसचिव/
नोडल अधिकारी टेबलेट/स्मार्ट फोन

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. कुलसचिव
2. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित की सम्बन्धित कालेज की लॉगिन पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली।


उप कुलसचिव/
नोडल अधिकारी टेबलेट/स्मार्ट फोन


O/C

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिन कोडः 211001 (उ0प्र0),
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj Pin Code-211001 (U.P.)

छात्र-छात्रायें जिनको उपकरण प्राप्त हो चुके थे परन्तु उनके डाटा में Mother's Name फील्ड नहीं भरी हुयी थी, ऐसे छात्र-छात्राओं को पोर्टल पर उपलब्ध विभाग द्वारा लॉक्ड अन्य छात्र-छात्राओं के नाम, पिता के नाम, माता के नाम एवं लिंग में समानता पाये जाने की स्थिति में दिनांक 08.04.2024 से उन्हें संस्थान लॉगिन पर Transaction मेन्यू के अन्तर्गत Select Student for Distribution Program विकल्प में दी गयी सूची में भिन्न रंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। ऐसे छात्र-छात्राओं हेतु कार्यवाही निम्नानुसार की जानी है:-


1- डिजीशक्ति पोर्टल पर संस्थान के लॉग इन से ट्रांजेक्शन मेन्यू पर जाएं और "Select Students for Distribution Program" का विकल्प चुनें।








2. उक्त भिन्न रंग से प्रदर्शित हो रहे डाटा के सापेक्ष दिये गये विकल्प "Has the student received a Smartphone/Tablet In this or any other UP Government Scheme" में :-

I. यदि "YES" विकल्प का चयन करते है तो उस योजना का नाम भरना आवश्यक है जिस योजना के अंतर्गत पूर्व में उक्त विद्यार्थी को टैबलेट या स्मार्टफोन प्राप्त हो चुका है। ऐसे छात्र-छात्राओं की सूची Reports मेन्यू के अंतर्गत View student record में Students marked as "Received device earlier" by the institution विकल्प में प्रदर्शित होगी।





II. यदि "NO" विकल्प का चयन करते है तो हाइलाइटेड विद्यार्थी के लिए निम्न पॉपअप प्रदर्शित होगा।



3. "Ok" करने पर जिस छात्र-छात्रा को उपकरण प्राप्त हो चुका है उसका विवरण "Do You want to Proceed" मैसेज के साथ, संस्थान के नोडल अधिकारी को जांच करने हेतु प्रदर्शित होगा।

- यदि छात्र-छात्रा के प्रदर्शित विवरण के अनुसार वह किसी अन्य संस्थान के पाये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रदर्शित विवरण के आधार पर उस संस्थान से छात्र-छात्रा के समान होने की पुष्टि कर लिये जाने के उपरान्त ही अग्रेतर कार्यवाही की जानी उचित होगी।
- यदि उक्त प्रदर्शित हो रहे विवरण उनके संस्थान में उपलब्ध छात्र-छात्रा के समान हैं, तो "Do You want to Proceed" में No विकल्प का चयन करना होगा अन्यथा की स्थिति में "Yes" का चयन करने पर निम्न दी गयी स्क्रीन प्रदर्शित होगी ।




4. OK क्लिक करने पर उस छात्र-छात्रा का नाम जनपद पर वितरण हेतु अग्रसारित किया जा सकेगा।

